AMITY UNIVERSITY

Amity Youth Fest 2021
11th -14th March, 2021

# ९ राष्ट्रीय हिंदी मूट कोर्ट प्रतियोगिता

१२ - १४ मार्च, २०२१

AMITY LAW SCHOOL
STUDENTS BAR FORUM

# वाद समस्या

Latest Laws.com
Helping Good People Do Good Things

LR
LEGGE RHYTHMS
Advocating quality law education

# ५ एमिटी राष्ट्रीय हिंदी मूट प्रतियोगिता २०२१

## **अस्वीकरण**

प्रस्तुत वाद समस्या का किसी जीवित या मृत व्यक्ति से कोई संबंध नही हैI यह समस्या पूरी तरह से काल्पनिक है तथा छात्रों दुवारा इस प्रतियोगिता के लिए गड़ी गयी हैI

# ५ एमिटी राष्ट्रीय हिंदी मूट प्रतियोगिता २०२१

# वाद समस्या

1. वाद बिंदु उत्तर प्रदेश के मलाना नामक गाँव पर केन्द्रित है। ग्राम मलाना के वर्तमान प्रधान श्रीमान कल्याण सिंह है। जो की पिछले चार ग्राम पंचायती चुनाव में अपनी जीत कायम किये हुए है। परन्तु वर्तमान में चल रही पंचवर्षीय योजना वाले चुनाव के समय ठेलऊ नामक एक ग्रामवासी ने कल्याण सिंह को अत्यधिक कड़ी टक्कर दी थी। आने वाले जून के महीने में होने वाले ग्राम पंचायत चुनाव में भी ठेलऊ कल्याण सिंह के विपक्ष में खड़े है।

2. वर्त्तमान प्रधान कल्याण सिंह का आदर्श गौशाला नामक पंजीकृत गौशाला है। जिसकी देखभाल उनका भतीजा अरुण सिंह करता है। गौशाला की भैसें रोज सवेरे गौशाला के पीछे वाले जंगल के आस पास चरा करती थी, व संध्या को वापस आ जाया करती थी। परंतु दिनांक ३ दिसंबर २०२० को 6-7 भैसें गौशाला में वापस नही लौटी। अगले दिन तक भी भैंसौं का कुछ पता न चलने पर कल्याण सिंह ने ४ दिसंबर २०२० को दोपहर के समय स्थानीय थाने में भैंसौं के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई, साथ ही बीमा कंपनी में मुआवज़े के लिए अर्जी दर्ज करवाई, जिस से उन्हें १ करोड़ का मुआवजा प्राप्त होने वाला था।

3. १० दिसंबर २०२० को प्रातः काल जब अरुण गौशाला से घर की ओर जा रहा था तब उसने अपनी चचेरी बहन रेखा को मगन नाम के व्यक्ति के साथ तालाब के किनारे पर देखा। इस कारण अरुण तथा मगन के बीच भिडंत हो गई, जिसमें मगन का पैर और अरुण का दायाँ हाथ टूट जाता है। इस घटना के पश्चात ठेलऊ और कल्याण सिंह ने एक दुसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

4. अरुण का हाथ टूट जाने के कारण उस दिन रेखा गौशाला की देख रेख के लिए रुकी हुई थी। संध्या हो जाने पर रेखा गौशाला से घर जाने के लिए निकली परन्तु घर नही पहुंची।

5. ११ दिसंबर २०२० को रेखा के गुमशुदा होने की रिपोर्ट कल्याण सिंह ने थाने में दर्ज करवाई। पुलिस दुवारा की जा रही तहकीकात में गाँव के एक व्यक्ति श्याम लाल ने बताया की उन्होंने रेखा को कल रात अपने घर के पास किसी लड़के से बात चीत करते हुए देखा था। जिसकी पहचान करने में श्याम लाल असमर्थ थे।

6. १२ दिसंबर २०२०, पुलिस को एक अज्ञात दूरभाष से यह पता चलता है की गौशाला के पीछे वाले जंगल (जो की कई वर्षों से अंध विश्वासों के चलते वीरान था) में अवैध तरीकों से गायें/भैंसों के मांस तथा खाल तस्करी की जा रही है।

7. प्राप्त सूचना की पुष्टि के लिए तुरंत ही पुलिस संदिग्ध स्थान पर पहुँच गयी। जिस कारण वहां काम कर रहे लोगों में अफरा तफरी मच गयी। वहां पर कार्य कर रहे नौकरो ने पुलिस पर गोलियां चलायी इसी मुठ भेड़ में वह सारे नौकर मारे गए।

8. पुलिस को उस स्थान पर गायें/भैंसों के साथ रेखा का मृत शरीर भी प्राप्त होता है। इसके अलावा पुलिस को वहां पर कल्याण सिंह के बड़े भाई वीरपाल सिंह (जो की ५ वर्षों पहले नदी में डूब जाने के कारण पूरे गाँव में मृत घोषित कर दिये गए थे), भी घायल अवस्था में मिलते है।

9. पुलिस की तहकीकात में यह ज्ञात होता है की मुठ भेड़ में मारे गए कुछ व्यक्ति आदर्श गौशाला के थे तथा कुछ व्यक्ति ठेलऊ के नौकर थे। पुलिस ने अरुण का मोबाइल व मगन की मोटर साइकिल बरामद करी।

**FORM – IF1 - (Integrated Form)**

**FIRST INFORMATION REPORT**
(Under Section 154 Cr.P.C)

1. Dist. मलाना..... P.S. मलाना चौकी Year ...2020..... F.I.R. No. ...908...... Date 4 दिसंबर

2. (i) *Act भारतिय दंण्ड संहिता... *Sections ......378......

   (ii) *Act ........................ *Sections ........................

   (iii) *Act ........................ *Sections ........................

   (iv) * Other Acts & Sections ........................

3.
   (a) * Occurrence of Offence: * Day गुरुवार......*Date 3 दिसंबर..... *Time लगभग (6-7) बजे

   (b) Information received at P.S. Date ...4, दिसंबर........ Time ..2:00 बजे, दोपहर..

   (c) General Diary Reference: Entry No(s) .....11............ Time ...3:00 बजे दोपहर..

4. Type of information : मौखिक *Written / Oral

5. Place of occurrence: (a) Direction and Distance from P.S. .200 गज दूर. Beat No. ..–..........

   (b) * Address ..–..............................

   ..................................................

   (c) In case outside limit of this Police Station, then the name of P.S. ..–..................
   District ..............................

6. Complainant / information :

   (a) Name ......कल्यान सिंह (मलाना गाँव के प्रधान)......

   (b) Father's / Husband's Name ...स्वरगिय मनमोहन सिंह......

   (c) Date / Year of Birth .....12, सितंबर, 1960...... (d) Nationality ...हिंदू.......

   (e) Passport No: .....–........ Date of Issue: ..–............ Place of Issue ..–..........

   (f) Occupation: ......प्रधान......

   (g) Address: .....7/34 , गाज़ला रोड , जीला (मलाना) , उत्तर प्रदेश

7. Details of known / suspected / unknown / accused with full particulars
(Attach separate sheet if necessary):

ठेलक्ष महोदय

8. Content of FIR:

मेरी एक आदर्श नामक गऊशाला है, जीसमें रोज़ सवेरे गाँव-भैंसें गऊशाला के पिछे वाले जंगल में हर दिन चरने जाया करती थी। परंतु 3 दिसंबर शाम के समय (6-7) भैंसें वापस नही लौटी। मेरा शक यह है की ठेलक्ष ने हमारी भैंसें उठवाली है।

**FORM – IF1 - (Integrated Form)**

**FIRST INFORMATION REPORT**
(Under Section 154 Cr.P.C)

1. Dist. मलाना P.S. मलाना चौकी Year 2020 F.I.R. No. 124 Date 10 दिसंबर

2. (i) *Act भारतीय दंड संहिता *Sections 321
   (ii) *Act भारतीय दंड संहिता *Sections 325
   (iii) *Act .......... *Sections ..........
   (iv) * Other Acts & Sections ..........

3. (a) * Occurrence of Offence: * Day गुरुवार *Date 10, दिसंबर *Time प्रातः काल - 6:00 बजे (सुबह)
   (b) Information received at P.S. Date 10, दिसंबर Time 8:00
   (c) General Diary Reference: Entry No(s) 08 Time 8:30 बजे (सुबह)

4. Type of information : मौखिक *Written / ~~Oral~~

5. Place of occurrence: (a) Direction and Distance from P.S. गाँव के भितर वाले तालाब के पास Beat No. –
   (b) * Address गाँव के तलाब के पास
   (c) In case outside limit of this Police Station, then the name of P.S. – District –

6. Complainant / information :
   (a) Name अरुण सिंह
   (b) Father's / Husband's Name स्वर्गीय विरपाल सिंह
   (c) Date / Year of Birth 4 फरवरी, 1987 (d) Nationality हिंदु
   (e) Passport No: – Date of Issue: – Place of Issue –
   (f) Occupation: गऊशाला कि देखभाल करना
   (g) Address: 7/34, गजला जीला, (मलाना), उत्तर प्रदेश

7. **Details of known / suspected / unknown / accused with full particulars (Attach separate sheet if necessary):**

मगन / पुत्र : टेलऊ

8. Content of FIR:

हम सुबह सवेरे गऊशाला से तलाब की ओर
जा रहे थे, जहाँ हमने मगन को अपनी
बहन रेखा को छेड़ते हुए देखा। जब हम अपनी
बहन को लेने गऐ, तब फदाली ने हमें डंडा
से मारा। हमने अपने बचाव में पत्थर फेंका
और भाग गऐ।

## FORM – IF1 - (Integrated Form)

## FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C)

1. Dist. मलाना P.S. मलाना चौकी Year 2020 F.I.R. No. 125 Date 10 दिसंबर

2. (i) *Act भारतिय दण्ड संहिता *Sections 321
   (ii) *Act भारतिय दण्ड संहिता *Sections 325
   (iii) *Act ........ *Sections ........
   (iv) * Other Acts & Sections ........

3. (a) * Occurrence of Offence: * Day गुरुवार *Date 10, दिसंबर *Time प्रातः काल - 6:00 बजे
   (b) Information received at P.S. Date 10, दिसंबर Time 8:00
   (c) General Diary Reference: Entry No(s) 09 Time 8:00 बजे (सुबह)

4. Type of information : मौखिक *Written / Oral

5. Place of occurrence: (a) Direction and Distance from P.S. गाँव के तलाब के पास Beat No. –
   (b) * Address गाँव के तलाब के पास
   (c) In case outside limit of this Police Station, then the name of P.S. – District –

6. Complainant / information :
   (a) Name मगन
   (b) Father's / Husband's Name ढेलआ
   (c) Date / Year of Birth 1, अप्रैल, 1987 (d) Nationality हिंदू
   (e) Passport No: – Date of Issue: – Place of Issue –
   (f) Occupation: बेरोज़गार
   (g) Address: 4/20, गाज़ला रोड, जीला मलाना, उत्तर प्रदेश

7. **Details of known / suspected / unknown / accused with full particulars (Attach separate sheet if necessary):**

अरूण / पुत्र : स्वरगीय विरपाल सिंह

8. Content of FIR:

हम सुबह कसाई खाने जा रहे थे, जहाँ हमें
रास्ते में रेखा और उसका भाई दिखा।
आरूण दारू के नशे में था, और मेरे कुछना
बोलने पर उसने हमें इंटा फैंक के मारा।

**FORM – IF1 - (Integrated Form)**

**FIRST INFORMATION REPORT**
(Under Section 154 Cr.P.C)

1. Dist. मलाना P.S. मलाना चौकी Year 2020 F.I.R. No. 089 Date 11 दिसंबर
2. (i) *Act भारतिय दण्ड संहिता *Sections 362
   (ii) *Act ...... *Sections ......
   (iii) *Act ...... *Sections ......
   (iv) * Other Acts & Sections ......
3. (a) * Occurrence of Offence: * Day शुक्रवार *Date 10 दिसंबर *Time लगभग शाम (7-8) बजे
   (b) Information received at P.S. Date 11 दिसंबर Time 8:00
   (c) General Diary Reference: Entry No(s) 05 Time 9:00 बजे, रात में
4. Type of information : मौखिक *Written / Oral
5. Place of occurrence: (a) Direction and Distance from P.S. अज्ञात Beat No. —
   (b) * Address अज्ञात
   (c) In case outside limit of this Police Station, then the name of P.S. —
   District —
6. Complainant / information :
   (a) Name कलयान सिंह (प्रधान जी)
   (b) Father's / Husband's Name स्वर्गिय मनमोहन सिंह
   (c) Date / Year of Birth 12 सितंबर, 1960 (d) Nationality हिंदू
   (e) Passport No: — Date of Issue: — Place of Issue —
   (f) Occupation: प्रधान (मलाना गाँव के वर्तमान प्रधान)
   (g) Address: 7/34, गाज़ला रोड, जीला मलाना, उत्तर प्रदेश

7. **Details of known / suspected / unknown / accused with full particulars (Attach separate sheet if necessary):**

टेलऊ

8. Content of FIR:

हमारी बेटी रेखा 10 दिसंबर को सुबह से ही गऊशाला में देखभाल कर रही थी। जब वो लगभग 7:00 - 8:00 बजे के बिच घर के लिए गऊशाला से निकली, तब वो रात में घर ही नहीं पहुँची।

**CHARGESHEET**

**(U/S of 173 of CrPC)**

**District-** मलाना

**Police Station-** मलाना चौकी

**FIR No-** 908, 125, 124, 089 **Date-** 12 दिसंबर

**Nature of Information-** हेड कान्स्टेबल द्वारा दर्ज की गई प्रथम सूचना पत्र

**Whether any offence appears to have committed and, if so By whom-**

हाँ, अपराधिक साजीश, गाँय-भैंसों की चोरी तथा उनकी चमड़ी की तस्करी।

**Chargesheet Against-**

I. मगन
II. अरूण
III. श्याम लाल

**Particulars of Accused-**

| Sr No. | Name of the Accused | Status |
|---|---|---|
| 1. | मगन | हिरासत में |
| 2. | अरूण | हिरासत में |
| 3. | श्याम लाल | हिरासत में |

Sd/-

(Senior Police Inspector)

Investing Officer

# POLICE INVESTIGATION

१ - दिनांक ४ दिसंबर २०२०, कल्याण सिंह ने अपनी 7 भैंसो की लापता होने की रपट लिखवाई । उन्होंने बताया कि ३ दिसंबर २०२० को भैंसे घास चरते हुए जंगल चली गई थी, परंतु उसमें से ७ भैंसे वापस नहीं लौटी। पुलिस ने एफ आई आर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

२ - दिनांक १० दिसंबर २०२०, कल्याण सिंह के भतीजे अरुण तथा ठेलऊ के पुत्र मगन के बीच में गांव के तालाब के पास हाथापाई हुई जिसमें मगन का पैर तथा अरुण का हाथ टूट गया।

३ - दिनांक ११ दिसंबर २०२० को कल्याण सिंह ने अपनी पुत्री रेखा के लापता होने की रपट लिखवाई और यह बताया कि शाम को रेखा गौशाला से घर आने के लिए निकली थी परंतु घर नहीं पहुंची।

४ - दिनांक १२ दिसंबर २०२० गांव में जांच पड़ताल करते समय :

* श्याम लाल (८० वर्षीय) - इन्होंने रेखा को गौशाला से ७:०० बजे उसके घर जाते हुए देखा परंतु बीच रास्ते में किसी पुरुष (अंधेरे के कारण पहचान नहीं बता सके) के साथ वापस गौशाला की तरफ मोटरसाइकिल से लौटते हुए देखा था।

* रमेश दुकान वाले ने बताया कि गांव में यह अफवाह है कि मगन व रेखा के पबीच प्रेम संबंध है । जिस कारण कल्याण सिंह ने रेखा को घर में नजरबंद कर दिया था, साथ ही कॉलेज की पढ़ाई भी घर में रहकर करवाने लगे थे।

५ - दिनांक १२ दिसंबर २०२० को मलाना पुलिस थाने में एक अज्ञात दूरभाष आया (जो कि गांव के बाहर वाले पीसीओ से किया गया था परंतु दूरभाष करने वाले की कोई पहचान नहीं

हो पाई) जिससे यह ज्ञात होता है कि जंगल (जो अंधविश्वासों के चलते वीरान था) के भीतर अवैध रूप से जानवरों की तस्करी चल रही थी।

६ - पुलिस जब जंगल के भीतर वाले उसी स्थान पर पहुंचे तो तस्करीयों ने पुलिस वालों पर गोलियां चला दी। अपने बचाव में जब पुलिस ने फायरिंग की तो वीरपाल सिंह के अलावा सभी की उस मुठ भेड़ में मृत्यु हो गई। वीरपाल सिंह घायल हो गए थे, तो पुलिस उन्हें अस्पताल ले गयी। वहां पर उन्होंने भी अपना दम तोड़ दिया। वीरपाल सिंह कोई बयान देने की हालत में नहीं थे।

* जंगल के भीतर वाली जमीन श्याम लाल की पुश्तैनी जमीन थी।

* मृत्यु के समय वीरपाल सिंह अपने पुत्र अरुण का नाम पुकार रहे थे।

७ - जंगल के भीतर वाली उसी जमीन पर रेखा का शव भी बरामद हुआ। जिसको पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने सरकारी अस्पताल में रात्रि ११:०० बजे भेज दिया था।

८ - रेखा के शरीर में मिला वीर्य मगन का है।

सभी दावों का समर्थन करने वाले दस्तावेज आगे जोड़ दिए गए हैं :

Sd/-

(Senior Police Inspector)

Investigating Officer

# POST MORTEM REPORT

1. **Post Mortem Report No:** 0725
2. **Date and Hour of Reciept of Inquest paper and Dead body:** 12th दिसम्बर २०२० को 11:00 बजे मध् रात्रि में
3. **Date and Hour of Starting Autopsy:** 13 दिसम्बर २०२०, 8:15 बजे प्रातः काल, सुबह
4. **Date and Hour of concluding Autopsy:** 13 दिसम्बर २०२०, 12:00 बजे प्रातःकाल, दोपहर
5. **Body Brought and Identified by:** नन्दन सिंह

**SCHEDULE OF OBSERVATION**

**A- GENERAL**

1. **Name:** रेखा सिंह
2. **Age:** 21 साल
3. **Address:** 7/34 ग्राम पोस्ट मलना, उत्तर प्रदेश
4. **Height:** 5'2" **Weight:** 52, किलो **Physique:** साधारंड
5. **Special Identification Features(in an Unknown Body):**
   होंट के ऊपर एक कला तील ।
6. **Post-Mortem Charges present:**
   शारीर पिला और ठंडा पड़ चूका था, तथा आंतरिक अंगो का अपघटन हो गया था ।
7. **Injuries:**
   बाये हाथ से गला घोटने का निशान मोजूद है तथा हाथों पैरों पर खरोंचों और मिटटी के निशान ।

**B- INTERNAL EXAMINATION:**

1. Superior Region: पीठ, हाथ और सर पर चोट के निशान पाए गये है।

2. Inferior region: पैल्विक अंग पर कोई चोट नही आई है किन्तु शरीरी में वीर्य की प्राप्ति हुई है।

**C- SPECIMEN COLLECTED FOR TOXICOLOGICAL ANALYSIS**:
कुछ नही।

**D- TIME SINCE DEATH:**
मृतक का शारीर 36 घंटों से अपघटन की स्तिथि में पाया गया है ।

**E- OPINION:**

- 45-48 घंटे पूर्व लड़की दुवारा शाररिक संबंद स्थापित किया गया । (Consensual Intercourse)

**Signature:**

**Name and Designation:** डॉक्टर मनोहर लाल

# DNA ANALYSIS REPORT

**DNA CASE No**: N205C **Date**: 13 दिसंबर २०२०

**Complaint No**: 205

**Investigating Officer:** नंदन लाल

**Offence**: हत्या

**Police station**: मलाना चौकी, जिला मलाना (उत्तर प्रदेश)

**EVIDENCE SUBMITTED FOR DNA ANALYSIS:**

**1.** मृत शरीर

**DNA EXAMINATION RESULT:**

- मृतिका के शारीर से प्राप्त हुआ वीर्य फदाली के DNA से मेल खाता हैI

**Sd/-**

डॉक्टर कूलू तिवारी

**(DNA Technical Leader)**

# DEATH CERTIFICATE

**Date**: जनवरी 17, 2015

This is to certify that the records in my office show that Mr. / Miss/ Mrs. (Name of dead person): **श्रीमान वीरपाल सिंह**

Died at [TIME] on [DATE] Day of [MONTH] and [YEAR]: **10 जनवरी 2015, रात 9:30 बजे**

Gender: [MALE/FEMALE]: **पुरुष**

Age: [ENTER AGE HERE]: **50 साल**

Cause of Death: **डूबने से (मृत शारीर नही मिल पाया)**

Occupation: **पूर्व प्रधान** Marital Status: [**शादीशुदा**]

I have hereunto affixed my signature alongside a witness on [17], Day of [जनवरी], [2015]

**कल्याण सिंह (ग्राम प्रधान)**

**-ग्राम मलाना**





- उक्त घटनाक्रम के पश्चात ये वाद प्रशन उठते है :

१. क्या मगन रेखा के अपहरण के लिए दोषी है?

२. क्या अरुण तथा ठेलऊ जानवरों के अवैध व्यवसाय के दोषी है?

३. क्या अरुण तथा ठेलऊ रेखा की हत्या के दोषी है?

४. क्या अरुण तथा ठेलऊ अपराधिक षडयंत्र के लिए दोषी है?

५. क्या अरुण तथा ठेलऊ वीरपाल के अपहरण के दोषी है?

**ध्यान दें-** स्मृतिका के निर्माण में उक्त सवालों का शोध प्रशंसनीय है।

प्रतिभागियों को कोई भी अन्य मुद्दा उचित लगे तो वो उस पर भी तर्क कर सकते हैं।